प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0,
सिंचाई खण्ड, देहरादून

Contact No:- +91-135-2769738
Fax: +91-135-2769738
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पंत्राक 164 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि दिनांक 17 /02/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग,
मसूरी, उत्तराखण्ड।

विषयः– जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पुरकुल गांव से भीतरली किमाडी मोटर मार्ग (कुल लम्बाई–10.400 किमी0) के नव निर्माण हेतु 3.528 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड को हस्तान्तरण प्रस्ताव। (FP/UK/ROAD/20710/2016)

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र), देहरादून का पत्रांक– 8बी./यू.सी.पी./06/120/2018/एफ.सी./2261, दिनांक 10.01.2020 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी उत्तराखण्ड़ का ई–मेल दिनांक 23.01.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक का अवलोकन करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपरोक्त मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र), देहरादून द्वारा अपने पत्रांक–8बी./यू.सी.पी./06/120/2018/एफ.सी./2261, दिनांक 10.01.2020 के द्वारा कुछ बिन्दुओं पर आपत्तियां दर्ज की गयी है।

अतः भारत सरकार द्वारा लगाई आपत्तियों का निराकरण इस कार्यालय द्वारा कर दिया गया है तथा निराकरण की हार्ड प्रति दो प्रतियों में संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित है, कि प्रभाग प्रस्तर से प्रकरण में शीघ्र अतिशीघ्र अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

18-2-2020

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,
6–इन्दिरा नगर, देहरादून।

पंत्राक /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0–दे0दून/वन भूमि/तदिनांक

प्रतिलिपि–सहायक अभियन्ता– प्रथम, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून को इस आशय से प्रेषित है कि वन भूमि के प्रस्तावों को व्यक्तिगत् रूचि लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग मसूरी कार्यालय से सम्पर्क कर प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें साथ ही इस कार्यालय को सूचित करें एवं साप्ताहिक प्रगति से इस कार्यालय को अवगत करायें।

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड,
6–इन्दिरा नगर, देहरादून।

D.F.O.

## आख्या

जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित पुरूकुल गांव से भित्तरली–किमाड़ी मोटर मार्ग (लम्बाई 10.40 कि0मी0) के प्रथम स्टेज का नव निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त मार्ग का वन भूमि ((3.528 हे0) का वन भूमि प्रस्ताव–FP/UK/ROAD/20710/2016 है।

उक्त के परिपेक्ष में कृपया निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालने की कृपा करें।

1. बिन्दु सं0 25 तक उक्त मार्ग का निर्माण किया जाता है, तो वर्तमान में बिन्दु सं0 25 के बाद जिन ग्रामवासियों के घर हैं उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। वर्तमान में लगभग 20 परिवार बिन्दु सं0 25 के बाद निवास करते हैं, जिनकी आबादी लगभग 150 है, जिनमें स्कूल जाने वाले बच्चों की आबादी ज्यादा है। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के लिए इन बच्चों को पुरुकुल गांव ही जाना पड़ता है।
2. ग्राम सभा के ग्राम वासियों का मुख्य आय एवं जीविका का साधन कृषि एंव दुग्ध उत्पादन है। जिनकों वहां बेचने के लिये राज्य की राजधानी क्षेत्र देहरादून में मोटर साईकिल/खच्चर आदि द्वारा सप्लाई/आपूर्ति करते हैं। वर्षा ऋतु में कच्चे मार्ग बन्द हो जाने के कारण उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि वह किमाडी देहरादून मार्ग से भी राजधानी क्षेत्र में सप्लाई की जाती है तब भी दूरी अधिक होने के कारण उन पर वित्तीय प्रभाव पड़ता है। यदि उक्त मार्ग का निर्माण हो जाता है, तो भितरली, किमाड़ी आदि क्षेत्र से राजधानी क्षेत्र देहरादून की दूरी 15 किमी0 कम हो जायेगी एवं समय की भी बचत होगी।
3. पुरूकुल ग्राम एंव राजधानी क्षेत्र में उच्च शिक्षा, मेडिकल सुविधा, दूध एवं सब्जियों के उत्पादन के विक्रय हेतु अधिक अवसर होने के कारण भितरली ग्राम वासियों तथा इस क्षेत्र से लगे अन्य ग्राम वासियें के लिये भी यह मार्ग सुगम रहेगा। मोटर मार्ग के अभाव के कारण इस क्षेत्र में पलायन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जो कि हमारे राज्य के लिये एक विकट समस्या है, जिसे कि वर्ष 2011 की जनगणना में देखी जा सकती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 459 है जो कि वर्ष 2001 की जनसंख्या 476 से कम हो गयी है।
4. बिन्दु सं0– 01 से 11 तक प्रस्तावित सड़क के समरेंखण का पुनः भू–गर्भीय अध्ययन पी0डब्लू0डी0 के भूवैज्ञानिक द्वारा दिनांक 03.02.2020 को किया गया और प्रस्तावित समरेंखण को भू–गर्भीय दृष्टि से उपयुक्त पया गया एवं अपने कुछ सुझाव दिये गये जिस पर सड़क निर्माण के दौरान अमल किया जायेगा (संलग्न भू–गर्भीय आख्या)।

अतः आपसे निवेदन है, कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित पुरूकुल गांव से भितरली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.5289 हे0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग का प्रत्यावर्तन करने की कृपा करें।

AAE

17/02/2020

Assistant Engineer-I
P.M.G.S.Y.I.D. Dehradun

अधिशासी अभियन्ता,
पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड
6, इन्दिरा नगर, देहरादून